पाठ – 3

रेशों से वस्त्र तक

अभ्यास

Q1. संभवत: आपने नर्सरी कक्षा में निम्नलिखित पंक्तियाँ पढ़ी होंगी:

(क) 'बा बा ब्लेक शीप हेव यू एनी वूल'
(ख) 'मेरी हेड ए लिट्ल लैम्ब, हूज़ फ्लीस वास व्हाइट एस स्नो'

ऊपर लिखी पंक्तियों के अधार पर यह बताइए कि

(i) ब्लेक शीप (काली भेड़) के किन भागों में ऊन होती है?
(ii) मेमने (लैम्ब) के सफ़ेद रोमों का क्या तात्पर्य है ?

उत्तर : (i) ऊन हमें काली भेड़ के बछड़े के शरीर के बालों से मिलती है।

(ii) मेमने के सफेद रोमों का मतलब है मेमने की त्वचा के सफेद बाल।

Q2. रेशम कीट (अ) कैटरपिलर, (ब) लार्वा है। सही विकल्प चुनिए।

(क) केवल (अ)

(ख) केवल (ब)

(ग) (अ) और (ब)

(घ) न ही (अ) और न (ब)

उत्तर : (ग) (अ) और (ब)

Q3. निम्नलिखित में से किससे ऊन प्राप्त नहीं होती?
(क) याक
(ख) ऊँट
(ग) बकरी
(घ) घने बालों वाला कुत्ता

उत्तर : (घ) घने बालों वाला कुत्ता

Q4. निम्नलिखित शब्दों का क्या अर्थ है?
(i) पालन
(ii) ऊन कटाई
(iii) रेशम कीट पालन

उत्तर : (i) पालन का मतलब है किसी की देखभाल करना, उसके पोषण का ध्यान रखना और उसे बड़ा करना।

(ii) भेड़ के बालों को त्वचा की पतली परत के साथ उतार लिया जाता है। यह प्रक्रिया उन कटाई कहलाती है।

(iii) रेशम प्राप्त करने के लिए रेशम के कीड़ों को पालना रेशम कीट पालन कहलाता है।

Q5. ऊन के संसाधन के विभिन्न चरणों के क्रम कुछ चरण नीचे दिए गए हैं। शेष चरणों को उनके सही क्रम में लिखिए । ऊन कटाई, _____, छँटाई, _____ , _____ ।

उत्तर : ऊन कटाई, अभिमार्जन, छँटाई, बर की छटांई, रेशों की रंगाई

Q6. रेशम कीट के जीवनचक्र की उन दो अवस्थाओं के चित्र बनाइए जो प्रत्यक्ष रूप से रेशम के उत्पादन से संबंधित हैं।

उत्तर :

रेशम कीट



कोकून में विकासशील कीट

Q7. निम्नलिखित में से कौन-से दो शब्द रेशम उत्पादन से संबंधित हैं? रेशम कीट पालन, पुष्प कृषि, शहतूत कृषि, मधुमक्षि पालन, वनवर्धन। संकेतः

(i) रेशम उत्पादन में शहतूत की पत्तियों की खेती और रेशम कीटों को पालना सम्मिलित हैं।

(ii) शहतूत का वैज्ञानिक नाम मोरस एल्बा है।

उत्तर : रेशम कीट पालन और शहतूत कृषि

Q8. कॉलम A में दिए शब्दों का कॉलम B दिए गए वाक्यों से

कॉलम A	कॉलम B
(क) अभिमार्जन	(i) रेशम फाइबर उत्पन्न करता है
(ख) शहतूत की पत्तियाँ	(ii) ऊन देने वाला जंतु
(ग) याक	(iii) रेशम कीट का भोजन
(घ) कोकून	(iv) रीलिंग
	(v) काटी गई ऊन की सफाई

उत्तर :

कॉलम A	कॉलम B
(क) अभिमार्जन	(v) काटी गई ऊन की सफाई
(ख) शहतूत की पत्तियाँ	(iii) रेशम कीट का भोजन
(ग) याक	(ii) ऊन देने वाला जंतु
(घ) कोकून	(i) रेशम फाइबर उत्पन्न करता है

Q9. इस पाठ पर आधारित एक वर्ग पहेली दी गई है। रिक्त स्थानों को उन अक्षरों से भरने के लिए संकेतों का उपयोग करिए, जो अक्षर को पूरा करते हैं।

सीधे	ऊपर से नीचे
2. कार्तित ऊन को अच्छी तरह से धोने का प्रक्रम	1. इससे बुने वस्त्र शरीर को गरम रखते हैं।
3. एक प्रकार का जांतव रेशा	4. इसकी पत्तियों को रेशम कीट खाते हैं।
6. लंबी धागे जैसी संरचना जिससे बुनकर वस्त्र बनाते हैं।	5. रेशम कीट के अंडे से निकलते हैं।



उत्तर :

1 ऊ
2 अ भि मा र्ज न
3 रे 4 श म
ह 5 कै
तू ट
त र
पि
ल
6 रे शा र